Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding problem being faced by farmers due to six Lane Bharat Mala Pariyojana.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (**बनासकांठा**) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में वर्तमान में चल रही 6 मार्गीय भारतमाला परियोजना में किसानों के खेतों के रास्ते एवं बारिश के पानी की निकासी के संबंध में कई दिक्कतें आ रही हैं । मैं इन दिक्कतों के बारे में, इस सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं ।

आदरणीय महोदय, जिस किसान के खेत से सड़क गुजरती है, उसका सर्वे नंबर ब्लॉक के दो हिस्सों में सड़क के कारण बंट जाता है । उससे दूसरे हिस्से में जाने का रास्ता कहीं से भी नहीं बचता है । मेरा आपसे आग्रह है कि उसके लिए सड़क के दोनों तरफ सर्विस रोड का प्रावधान करना चाहिए, ताकि किसान अपने खेतों में जा सकें ।

महोदय, वर्तमान में दोनों साइड सर्विस रोड न रखकर कंपनी की ओर से दोनों साइड्स में प्रोटेक्शन वॉल बनाई जा रही है । मेरा आग्रह है कि उसे बंद कर देना चाहिए, ताकि किसान अपने खेतों में आवाजाही कर सकें । इसके लिए त्वरित कार्रवाई की जाए । ऐसा सिर्फ मेरे संसदीय क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि जालौर में भी ऐसा ही चल रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, अत: मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त लिखित समस्याओं को अपने संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द हल किया जाए, जिससे किसानों की समस्या का समाधान हो और परियोजना का कार्य भी आगे बढ़ सके ।

धन्यवाद ।